राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान
मानद विश्वविद्यालय

पी.एच.डी. परीक्षा हेतु सामानय निर्देश

General Instructions for Ph.D. Exam

1.परीक्षा केन्द्रों पर नकल की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय किये गये हैं। परीक्षा में नकल कराने के नाम पर ठगी कराने वाले गिरोह के किसी भी प्रकार के झांसे/बहकावे में नहीं आवें। किसी भी प्रकार से नकल करने का प्रयास न करें। नकल करने के प्रयास में पकड़े जाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के साथ आपकी परीक्षा निरस्त होने एवं संस्थान की आगे आयोजित होने वाली परीक्षाओं में भाग लेने से रोक लगने से आपका भविष्य समाप्त हो सकता है।

2.रेल/बस की छत या पायदान पर बैठकर/खड़े होकर यात्रा नहीं करें।

3.परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के नियत समय से 1½ घण्टे से पूर्व अपनी उपस्थिति देवें ताकि तलाशी के उपरान्त आप समय पर परीक्षा–कक्ष में नियत स्थान पर बैठ सके। परीक्षा प्रारंभ होने के नियत समय के पश्चात किसी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

4.परीक्षा केन्द्र में फोटोयुक्त पहचान पत्र के आधार पर पहचान सुनिश्चित हो जाने एवं तलाशी के उपरान्त ही आपको प्रवेश दिया जावेगा। इस कार्य के लिए नियुक्त कार्मिकों को आप पूर्ण सहयोग दें। परीक्षा केन्द्र पर अपना प्रवेश–पत्र, एक मूल फोटोयुक्त पहचान–पत्र यथा वोटर आई डी कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस आदि में से कोई एक साथ लावें।

5.परीक्षा में ओ.एम.आर.शीट (O.M.R. Sheet) का प्रयोग किया जावेगा। O.M.R. Sheet में उत्तर एवं अन्य सूचनाएं अंकित करने हेतु अपने साथ नीले अथवा काले रंग की स्याही का पारदर्शी बॉल पेन लावें। इसके अलावा अन्य कोई सामग्री परीक्षा केन्द्र पर लाना निषिद्ध है।

6.परीक्षा केन्द्र में किसी भी तरह का सामान जैसे Mobile, Blue-tooth Devices, Ear-Phone, E-Pen, E-watch, Tabs, spy-Camera,Camera,Calculator Books, Notes, Purse, Hand-Bag, and any kind of Electronic Device आदि निषिद्ध है।

7. परीक्षा केन्द्र पर जूते, जुराब, जैकेट, कोट,शॉल, स्कॉर्फ एवं ज्वैलरी आदि पहनकर नहीं आवें, अन्यथा परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

8.परीक्षा–कक्ष में वार्तालाप पूर्णतया वर्जित है।

नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट www.nia.nic.in का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।